Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 01-07-2022 अंक 271

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# प्रखंड परिसर में बन रहे आवासीय भवन के पीसीसी रोड में लगाया जा रहा घटिया एवं थर्ड क्लास का ईटा

## शिकायत पर प्रखंड प्रमुख ने किया निरीक्षण, घटिया ईटा देख भडके प्रमुख, सोलींग में लगा ईटा हटवाया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


निरीक्षण करते प्रखंड प्रमुख मनोज रजक


इसी टुकडे ईटा से किया जा रहा है सोलिंग


घटिया एवं थर्ड क्लास का लगाया जा ईटा।

प्रखंड परिसर में लगभग 5 करोड़ो की लागत से प्रखंड कार्यालय कर्मियों के लिए आवासीय भवन बनाया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग से बन रहे आवासीय भवन तक जाने के लिए पीसीसी रोड बनाया जा रहा है। पीसीसी रोड़ बहुउद्देश्यीय भवन से आवासीय भवन तक बनाया जा रहा है। लेकिन इस पीसीसी रोड बनाने में घटिया ईटा एव घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। पीसीसी रोड बनाने में थर्ड क्लास एवम टुकड़ा ईटा लगाया जा रहा है। इसकी शिकायत कुछ लोगों ने प्रमुख मनोज रजक से की। शिकायत के आलोक में निर्माणाधीन पीसीसी रोड का निरीक्षण प्रमुख मनोज रजक ने किया। निरीक्षण के दौरान देखा कि पीसीसी रोडके लिए सोलिंग थर्ड क्लास एव टुकड़ा ईटा से किया जा रहा है। थर्ड एव घटिया ईटा होने के कारण हल्का बारिस में सोलिंग ईटा भी गल गया था। प्रखंड प्रमुख ने मौके पर ही संवेदक को फटकार लगाते हुए गला हुआ ईटा को बाहर निकलवाया। मौके पर जेई मौजूद नही मिले। प्रमुख ने बताया कि बिना जेई की उप. स्थिति में ही जैसे तैसे पीसीसी रोड बनाकर खाना पूर्ति की जा रही है। मौके पर से जेई ग्रामीण विकास विभाग को भी फोन किया गया।। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया। उन्होंने बताया कि जेई एवं संवेदक के मिली भगत दे भवन एव रोड निर्माण में काफी अनियमितता बरती जा रही है। इसकी गहन जांच जरूरी है। निरीक्षण से पता चला कि इस्टी. मेट के अनुसार काम नही हो रहा है। जल्द ही इस मामले में जेई की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी। साथ ही बरती जा रही अनियमितता की शिकायत लिखित तौर पर ग्रामीण विकास विभाग से की जाएगी।

APEM LIVE

# नेशनल डॉक्टर्स डे पर अपेम नें किया सभी डॉक्टर्स को सम्मानित

## डॉक्टर्स हमेशा अपनी सेवा में सकारात्मक सोच रखता है, सोसायटी को समझने की है जरूरत : डॉ अनिल कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


डॉक्टर्स को सम्मानित करते अपेम के लोग

नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर अपेम ट्रस्ट की ओर से डॉक्टर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपेम अध्यक्ष कृ ष्णा प्रजापति एवं संचालन अपेम संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता ने किया अपेम चीफ एडवाईजर डॉ अनिल कुमार , अपेम संरक्षक शिव शंकर लाल एवम कृष्णा यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। सर्वप्रथम केक काटकर सभी डॉक्टर्स ने डॉक्टर्स डे की एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। सभी ने एक दूसरे को केक एवं मिठाई खिलाकर डॉक्टर्स डे को यादगार बनाया। इसके बाद अपेम कि ओर से सभी डॉक्टर्स को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले डॉक्टर्स में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ अनिल कुमार, डॉ मो इबरार, डॉ सचिन कुमार, डॉ मेराजुल इस्लाम, डॉ एजाज, डॉ अनुभा कुमारी, डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ अमन कुमार, डॉ संतोष कुमार, डॉ विजय कुमार शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार ने कहा कि डॉक्टर्स ईमानदारी पूर्वक पूरी निष्ठा के साथ अपनी दायित्व का निर्वहन करता है। ताकि समाज मे उनकी गरिमा बना रह सके। इसलिए सोसायटी को भी डॉक्टर्स की मान सम्मान का ख्याल रखनी चाहिए। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अपेम की तारीफ करते हुए कहा कि अपेम हमेशा से ही डॉक्टर्स का मनोबल बढ़ाते आया है। इस तरह का सम्मान से डॉक्टर्स में नई ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए अपेम धन्यवाद का पात्र है। अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजा. पति ने कहा कि डॉक्टर्स को इस धरती पर भगवान का दूसरा रूप माना गया है। इसलिए डॉक्टर्स को हमेशा अपनी कर्तब्य निष्ठा के साथ सेवा देनी चाहिए और सोसायटी को भी डॉक्टर्स के सम्मान एवं सुरक्षा पर ध्यान देनी चाहिए। मौके पर डॉ विजय कुमार, मुकेश मधेसिया, शिव शंकर लाल, कृष्णा यादव, पंकज कुमार, सोनू पंडित, राज आर्यन उर्फ छोटी, नरेश कुमार, बीरेंद्र कुमार, नरेश कुमार, मो उस्मान मुख्य रूप से मौजूद थे।

# नई टांड के ऑपरेटर की जम्मू में हृदय गति रुकने से निधन, पार्थिव शरीर पहुंचते गमगीन हुआ माहौल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


अनुज ठाकुर (फ़ाइल फ़ोटो)

बरही प्रखंड के नई टांड निवासी अनुज ठाकुर पिता स्व बबुनी ठाकुर(30) की निधन जम्मू के कटरा में हृदय गति रुकने से हो गई। वह जीविकोपार्जन के लिए ओपरेटर का काम करता । 28 जून को अचानक से पेट दर्द हुआ और हार्टअटैक के होने से एक घंटे के अंदर ही उसकी मृत्यु हो गई । घटित घटना के बाद उसके पैतृक गांव करियातपुर नई टांड सहित आस पास के के गांवों में शोक की लहर स छा गयी। गुरुवार देर शाम को पार्थिव शरीर रांची एयरपोर्ट पर आने की सुचना हुई । उसके बाद से उसके घर व आसपास के लोग जमा हुए और शोक संवेदना प्रकट करने लगे। मृतक अनुज का दो लडका व एक लडकी है। घर की स्थिति बहुत ही दयनीय है। सूचना पर प्रमुख मनोज रजक मृतक के घर जाकर घरवालों से भेट कर परिवार के सदस्यों को ढाढस बंधायाऔर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर प्रमुख मनोज रजक , जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया मनोज कुमार , छोटन ठाकुर ,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मंटु रजक ,जितेंद्र गिरि, रंजीत पांडेय ,समाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर ,मुकेश सिंह, राजेश ठाकुर ,सकलदेव ठाकुर, चमारी ठाकुर, रामधनी ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष दुख की घड़ी में वहां मौजूद थे।

# करसो में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के खैराटिला गांव में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी एवं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। मौके पर पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि पंचायत चुनाव में सभी नवनिर्वाचित जन प्रति. निधियो की जिम्मेवारी बनती है कि विकास का स्तर गांव-गांव तक कैसे पहुंचे और आम लोगो को विकास से कैसे जोड़ा जाए। सभी को अपनी अपनी जिम्मेवारी का बोध कराते हुए सभी को शुभकामना दिया। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता व उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि सामुदायिक भवन का निर्माण हो जाने से अब पंचायत स्तर पर छोटे-मोटे मामले का निबटारा होगा तथा विकास कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर फिर भी यहां समस्या का समाधान नहीं होता है, तो इसकी सूचना जिला स्तर पर दे सकते हैं। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, जिला परिषद प्रति. निधि सह विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, भ. पूेंद्र यादव, भोली पासवान, ज्योतिष यादव, पिंटू यादव, सचिन यादव, विजय यादव सहित कई अन्य राजनी. तिक एंव सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वृद्धा एवं विधवा पेंशन के लिए कल पंचायत भवन लगाया जाएगा शिवीर : राजेंद्र प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पंचायत भवन में कल यानी शनिवार को वृद्धा एवं विधवा पेंशन के लिए शिवीर का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने पंचायत के योग्य लाभुको से अपील किया की कल 10 बजे पंचायत भवन पहुंचकर आप सभी वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन के लिए आवेदन भर सकते है।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चाणक्य आइएएस एकेडमी के विद्यार्थियों को रांची आइजी ने दिए सफलता के टिप्स

### कहा, सिविल सेवा की तैयारी के लिए समय प्रबंधन अहम





**अपेम लाइव : हजारीबाग**

रांची सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए समय प्रबंधन अहम है। जितना महत्वपूर्ण पढ़ाई करना है उतना ही महत्वपूर्ण समय प्रबंधन है। इसलिए जो विद्यार्थी तैयारी को लेकर गंभीर हैं और सफलता की आस मन में संजोए हैं, उन्हें समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। तैयारी करने के साथ साथ लगातार रिविजन की आदत भी सफलता की कुंजी आपको दिला सकता है। उक्त बातें राजधानी रांची के लालपुर स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी के रांची शाखा में गुरुवार को बतौर गेस्ट लेक्चरर के रूप में आमंत्रित रांची आईजी प्रिया दूबे ने कही। उन्होंने विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए आगे कहा कि अगर कोई विद्यार्थी यूपीएससी को अपना लक्ष्य बनाता है तो कई अभ्यर्थियों की तरह ऑप्शन बी लेकर आप ना चलें बल्कि पूरी मेहनत सिर्फ और सिर्फ यूपीएससी के लिए लगाएं, सफलता एक दिन अवश्य मिलेगी! उन्होंने यूपीएससी की तैयारी कर रहे संस्थान के सभी अभ्यर्थियों को समय की अहमियत के मद्देनजर उचित मार्गदर्शन की मदद से नियमित परिश्रम करते हुए सही दिशा में तैयारी करने की सलाह दी और प्रारंभिक परीक्षा के बाद पुनः आकर मार्गदर्शन करने का आश्वासन दिया। वहीं अभ्यर्थी भी काफी उत्साहित दिखे। विद्यार्थियों के साथ साथ चाणक्य आइएएस एकेडमी प्रबंधन ने रांची आईजी प्रिया दूबे को धन्यवाद दिया और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए समय समय पर आने का आग्रह भी किया।

## दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट की कॉमर्स विद्यार्थी प्रियंका बनी अनुमंडल टॉपर, जिला में पांचवा स्थान







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हज़ारीबाग रोड़ स्थित प्रतिष्ठित संस्थान दी आर्य भट्ट इंस्टीव्यूट के विद्यार्थियों ने आर्ट्स और कॉमर्स के क्षेत्र में सफलता की परचम को लहराते हुए अपने माता पिता,गाँव एवं संस्थान का नाम रौशन किया। कॉमर्स की विद्यार्थी प्रिंयका कुमारी ने 458 अंक ला कर बरही अनुमंडल टॉपर के साथ साथ पूरे हजारीबाग जिला में अपना पांचवा स्थान बना कर पूरे बरही क्षेत्र क नाम रौशन किया। वहीं बरही अनुमंडल टॉपर लिस्ट में प्रिंयका कुमारी 458, निशा कुमारी 457,नीतू यादव 455,काजल कुमारी 444,निक्की कुमारी 438,अनुभव आनंद 435, निकिता केशरी 429, आयुष कुमार गुप्ता 426,प्रियल सिन्हा 420, गायत्री मेहता 420, रौशनी कुमारी 417, आशा कुमारी 415, पायल कुमारी 414,संजना कुमारी 414, अंजलि कुमारी 412, रितिका कुमारी 410,अनिकेत ठाकुर 408, रौशनी कुमारी 406, शमशाद बेगम 401, दीपक केशरी 396, ममता कुमारी 387,रेखा कुमारी 380, रिया कुमारी 377 अंक ला कर अपना जगह बनाया। वहीं आर्ट्स में सोनल कुमारी 423 अंक ला कर संस्थान टोपर बनी। वहीं संस्थान टॉपर लिस्ट में निधि कुमारी 418,अनिता कुमारी 413,छोटू कुमार 405,कृति कुमारी 390,शाहिस्ता परवीन 381,कुंदन सिंह 378 स्वाति कुमारी 370,सिन्की कुमारी 344,रिम्पा कुमारी 337, लोकेश कुमार 334 अंक ला कर अपना जगह बनाया। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा की आर्य भट्ट संस्थान टेंथ क्लासेज, आर्ट्स,कॉमर्स एवं साइंस के क्षेत्र में विगत 2009 से टॉपर रिजल्ट देता आया है। संस्थान की ओर से शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान एवं एजुकेशनल टूर कराया जाता है जिससे बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यक्तित्व का विकास हो। संस्थान के उप संचालक अधिवक्ता कुंदन कुमार ने कहा कि इस रिजल्ट के पीछे संस्थान के सभी शिक्षक ,संचालक महोदय एवं बच्चों के परिश्रम का यह फल है। आगामी जानकारी देते हुए इन्होंने ने कहा कि फर्स्ट ईयर आर्ट्स,कॉमर्स एवं साइंस की क्लासेज प्रारंभ हो चुकी है। सभी पैरेंट्स एवं बच्चों के लिए अधिवक्ता कुंदन कुमार ने कहा कि संस्थान का चुनाव गुणवत्ता के आधार पर करे। बधाई देने वाले शिक्षकों में रमेश महतो,कमलकांत,निशी राणा,शशि कुमार,चंदन साव, कमल प्रजापति,अभिषेक पाण्डेय, नीतू यादव,रूपा प्रजापति,शिव राम,अर्चना सुमन, छोटेलाल पासवान, सुरेंदर पण्डित, प्रियंका देवी, नितेश गौस्वामी एवं अकॉउंटेंट सिमा यादव ने सामूहिक रूप से बच्चों को बधाई दिए एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना किए।

## डीलर संघ की हुई बैठक

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा – प्रखंड के निकट जन वितरण प्रणाली विक्रे. ताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष केदार यादव के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से तीन जुलाई को डीलर संघ की रांची में होने वाली बैठक पर एवं दो अगस्त को दिल्ली में होने वाली बैठक पर चर्चा किया गया। इस मौके पर राजेंद्र यादव, भुनेश्वर दास, छोटू यादव रामकिशुन रजक, महेश मांझी, मंजू देवी, मुकेश राणा, एवं काफी संख्या में डीलर उपस्थित थे।

## बिरहोर की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण मुख्यमंत्री को ट्विटर के माध्यम से दी गई जानकारी

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा –प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियौन में बिरहोर समुदाय के लोगों को सरकार के द्वारा उपल. ब्ध कराई गई 10-10 डिसमिल जमीन बिरहोर गरीब लाचार व्यक्तिओं को नसिब नहीं हो सका क्योंकि खाता 41 प्लोट 300 पर बिरहोर परिवार को जमीन उपलब्ध कराई गई थी लेकिन आज तक अधिकारियों के द्वारा जमीन को चिन्हित नहीं किया गया है उसी का फायदा उठाते हुए ग्राम के कुछ दबंग व्यक्तियों के द्वारा लगातार अतिक्रमण कर निजी स्कूल, एवं दुकान बनाया जा रहा है। जिसकी जानकारी झारखंड के मुख्यमंत्री एवं हजारीबाग उपायुक्त को ट्विटर के माध्यम से भी जानकारी दी गई है।अब देखना है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसे संज्ञान में लेकर कार्रवाई करते हैं या फिर नजर-अंदाज करते हैं।

## कन्हैयालाल की निर्मम हत्या हैवानियत की सारी हदें पार, हत्यारों को मिले कड़ी से कड़ी सजा : सूरज दास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



एआईएमआईएम बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने राजस्थान के उदयपुर में मंगलवार को कन्हैयालाल नाम के टेलर की गला रेतकर हत्या को निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद को लेकर बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट की वजह से मोहम्मद रियाज और गौस मो. हम्मद नाम के आरोपियों ने उसका गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने इंसनियत की सारी हदें पार कर दिया है। जिस तरह की हत्या और जिस तरीके से इसे अंजाम दिया गया है, यह हमसभी को झकझोर कर रख दिया है और जिस प्रकार से हत्या करने के बाद वीडियो वायरल करके अपनी जुर्म को भी कबूल किए हैं यह एक बहुत दर्दनाक, निर्मम, इंसानियत को खत्म करने और समाज में अराजकता फैलाने का काम किया है, यह बिल्कुल चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि अपराधी पकड़े गए हैं। इन हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाने चाहिए ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश के रूप में जाना जाता है लेकिन इस प्रकार की घटना से सरकार को गहन चिंतन करने और कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। राजनीति के चक्कर में लोग धर्म पर टिका टिपण्णी करने पर नेतालोग उतर गए हैं और इसकी हर्जाना आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे नेताओं से उन्होंने अपील किया है कि अपनी राजनीति चमकाने के चक्कर में धर्म, जाति विशेष को हथियार नहीं बनावें तो यह देशहित के लिए बहुत अच्छा होगा।

## कस्तूरबा विद्यालय की शत प्रतिशत इंटर आर्ट्स की छात्राएं सफल, भारती बनी टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**







कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरसोत की सभी विद्यार्थी इंटर आर्ट्स में सफल हुई है। विद्यालय की वार्डन नेहा कुमारी ने बताया कि विद्यालय से कुल 49 छात्राएं इंटर आर्ट्स की परीक्षा में शामिल हुई थी। उनमे 45 छात्राएं प्रथम श्रेणी से एवं 4छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुईं हैं। इनमे 415 अंक लाकर भारती कुमारी कस्तूरबा विद्यालय की टॉपर रही। वहीं 409 अंक लाकर अंजलि एक्का विद्यालय की दूसरी ट०पर एवं 408 अंक लाकर मनीषा कुमारी एवं रेखा कुमारी संयुक्त रूप से तृतीय टॉपर रही। बेहतर प्रदर्शन से विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी सफल विद्यार्थीयों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।।

## बिजली के कटौती से आम जनता परेशान : मुकेश कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के दुध. पनिया निवासी मुकेश कुमार ने बिजली कटौती पर कहा की इससे आम जन परेशान है ही इसका सीधा असर पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर हो रही है। क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था का हाल बेहाल है। कभी ओवरलोड तो कभी शटडाउन के नाम पर अंधाधुंध कटौती की जा रही है। यहां दिन हो या रात 18 घंटे तो दूर 8 से 10 घंटा भी उपभोक्तओ को बमुश्किल ही बिजली मिल पा रही है।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विद्युत संयंत्रों के बिजली उत्पादन में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह का अहम योगदान : प्रशांत श्रीवास्तव

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना (पीबीसीएमपी) ने जून 2022 में एनटीपीसी के विभिन्न विद्युत संयंत्रों को 278 कोयला रैक भेजकर एक नया रिक०र्ड स्थापित किया है। जो की 9 मिलियन मेट्रिक टन है। (9,63,935 मीट्रिक टन किसी भी महीने में सबसे अधिक) कोयले के प्रेषण में 70.92 % की वृद्धि हासिल की गई है। जबकि पिछले वर्ष के जून में मात्र 5,63,940.982 मीट्रिक टन कोयला भेजा गया था। परियोजना ने जून में 278 कोयला रैक भेजे जो की पिछले साल इसी महीने भेजे गए 145 कोयला रेक से 91.72% अधिक है। एनटीपीसी अधिकारी के अनुसार कन्वेयर द्वारा भेजे गए कोयले की मात्रा में भी 18.07 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो जून में 71,669 मीट्रिक टन है। इसके साथ ही परियोजना ने आज एक और मील का पत्थर हासिल किया है। परियोजना ने 26.06 लाख मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन किया है जो की पिछले वर्ष की पहली तिमाही में कोयला उत्पादन के संबंध में 50 % की वृद्धि से अधिक है। परियोजना के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने उपलब्धि पर सभी कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि आज देश का हर चौथा बल्ब एनटीपीसी की बिजली से जगमगा रहा है और इसमें हमारी परियोजना का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। कहा कि टीम पीबीसीएमपी ने टीम भावना के साथ कठिन लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति विकसित की है और यह उपलब्धि सभी विभागों के समन्वित और ईमानदार प्रयासों का परिणाम है।

## राज्य सभा सांसद आदित्य नाथ साहू को पौधा देखकर राजू साव ने किया स्वागत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : जगरनाथ मंदिर परिसर रांची रथ यात्रा के शुभ अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय परिसर में आदित्य नाथ साहू झारखंड प्रदेश राज्यसभा सांसद से भेंट कर भाजपा किसान मोर्चा रामगढ़ जिला प्रभारी राजू साव ने पौधा देकर स्वागत किए।इसी बीच आदित्य साहू ने लोगों से कहा कि हर मानव के जीवन में सुख शांति शुद्ध वातावरण के लिए एक पेड़ लगाने की जरूरी है। आगे 2024 के चुनावी एजेंडा को एकजुटता के बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की बात कही। राजू साव ने कहा कि अब की बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।सांसद को बड़कागांव आने का आग्रह किए।बधाई देने में भाजपा महिला मोर्चा पलामू जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।




## भगवान से सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए रथ यात्रा का शुभारंभ किये चतरा पुलिस कप्तान

### सोहार्दपूर्ण सम्पन्न हुआ चतरा में रथ यात्रा :एस पी

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा : चतरा में बड़े धूमधाम से रथ यात्रा निकाली गई आज भगवान जगरनाथ माता सुभद्रा भगवान बलभद्र जी का शोभा यात्रा बाबा पत्थल दास मंदिर से निकाली गई जो पूरा नगर भ्रमण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित हुए, पूरे शहर के सभी घरों से माताए पुरुषों ने पूजा अर्चना की एव भगवान जगन्नाथ से सुख शांति और समृद्धि की कामना की पूरे नगर में रथ ींचने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ रहा यह यात्रा श्री 1008 बाबा पत्थर दास मंदिर से निकल कर चतरा नगर भ्रमण करते हुए पुणह मंदिर में वापस आया। यात्रा पिछले 2 वर्षो से को. विड-19 नहीं हो सक रहा था इस अवसर पर विद्यासागर जी ने कहा कि यह रथयात्रा पिछले करीब डेढ़ सौ वर्षो से हो रही है इसमें सभी श्रद्धालुओं का बड़ी श्रद्धा रहता है और भगवान के प्रति आस्था होने के कारण पूरा शहर भक्तिमय हो जाता है, इस यात्रा को लेकर लोगों में सालों भर प्रतीक्षा रहती है और लोग इस पर्व को बड़े धूमधाम से मना कर भगवान से सुख शांति और समृद्धि की कामना करते है रथ यात्रा का शुभारंभ चतरा पुलिस कप्तान आदरणीय राकेश रंजन जी के द्वारा किया गया उन्होंने रथ की डोरी खींच कर के शुभारंभ किए इस अवसर पर चतरा प्रशासन का चाक चौबंद व्यवस्था रहा! मुख्य रूप से थाना प्रभारी मनोहर करमाली अपने दल बल के साथ उपस्थित रहे! इस अवसर पर बाबा पत्थलदास मंदिर प्रबंधन समिति के सारे सदस्य शंकर तुलसियान बिट्टू अग्रवाल डॉ विजय कुमार अग्रवालभारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गुंजा देवी विजय सिंह विवेक सिंह पंकज दुबे विद्यासागर आर्य राजेश पासवान प्रेम सोनी रविस चंद्रा गोविंद पासवान अभिषेक केसरी संजय वर्मा धर्मेंद्र कुमार मिश्रा हर्ष राज मंदिर पुजारी प्रदीप मिश्रा राज अनुराग रवि मित्तल उत्तम कुमार

## बड़कागांव में रथ यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न ,भगवान जगरनाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को मौसी बाड़ी पहुंचाया गया

### रथ यात्रा मेला के मौके पर भक्ति जागरण का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत राम जानकी मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ ,भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की पूजा पाठ की गई। भारी संख्या में लोग मंदिर परिसर पहुंचकर पूजा अर्चना की । रथ यात्रा को लेकर मेले का आयोजन किया गया परंतु शाम 3रू30 बजे भारी बारिश के कारण मेला में व्यवधान उत्पन्न हो गया हुआ । शाम लगभग 5:30 बजे भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को रथ में बैठा कर क्षेत्र भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात रेज अ०फिस प्रेम नगर स्थित मौसी बाड़ी ले जाया गया। भगवान 9 दिनों तक मौसी बाड़ी में विराजमान रहेंगे। रथ यात्रा के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम में दर्शकों ने भक्ति गानों पर खूब झूमा।बीच में मूसलाधार बारिश भी भक्तों की मनोबल को कम ना कर सका।मौके पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष शिव शंकर मेहता, सचिव पिंटू गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष ठाकुर, संरक्षक दामोदर मेहता, मीडिया प्रभारी रितेश ठाकुर, एएसआई रुस्तम अली, झमन महतो, मुखिया रंजीत कुमार, डॉक्टर धनेश्वर प्रसाद, जय संकर मेहता, सहेश कुमार, मेवा लाल नाग, रंजीत चौबे, रामधनी महतो, हुलास प्रसाद दांगी, अनिल कुमार, सूरज कुमार, अवध किशोर कुमार, सत्येंद्र मेहता, सुभाष ठाकुर, सत्यजीत विद्या अलंकार और नंदकिशोर मेहता के अलावा सैकड़ों भक्त उप. स्थित थे।

## कॉमर्स में एपेक्स कॉमर्स एकेडमी का शानदार प्रदर्शन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**







विष्णुगढ़ के सातमील मोड़ स्थित एपेक्स कॉमर्स एकेडमी में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों का जैक द्वारा जारी परीक्षाफल में बेहतर प्रदर्शन रहा है। संस्थान संस्थापक सह निदेशक विकास स्मिथ ने बताया कि अंशु कुमारी 450 अंक लाकर संस्थान की प्रथम टॉपर बनी है। वहीं, रोहित कुमार राणा 442 अंक लाकर द्वितीय टॉपर तथा रोशन कुमार 437 अंक लाकर तृतीय टॉपर बने हैं। अध्यनरत अन्य विद्यार्थियों का भी परीक्षा परिणाम संतोषप्रद रहा है। जिसमें मनोज कुमार ने 430, अभिषेक कुमार 406, दिलीप कुमार 404 तथा तुषार कुमार ने 402 अंक प्राप्त किए हैं। संस्थापक सह निदेशक ने सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि अपेक्स क०मर्स एकेडमी वर्ष 2009 से क०मर्स के विद्यार्थियों के लिए संचालित है। प्रत्येक वर्ष संस्थान के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कान्हाचट्टी अंचल के हेसापरम के खाता 20 के 125 एकड़ गैरमजरूआ भूमि की अवैध जमाबन्दी रदद् करने की मामला अब पकड़ने लगा है तूल

### वर्ष 2013 में जांच के बाद तत्कालीन उपायुक्त ने डिमांड रदद् करने के लिए कान्हाचट्टी अंचल को दिया था आदेश





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : जमीन माफ़ियायाओ का मनोबल आज भी बरकार है भले ही सरकार कहे कि सरकारी जमीन पर गलत तरीके से किसी को दखल अंदाजी बर्दास्त नहीं करेंगे और वैसे भूमाफियाओं पर कार्रवाई भी करेंगे जो सरकारी भूमि को हड़पना चाहते हैं या अवैध तरीके से कब्जा जमाए हुए हैं।लेकिन सरकार के इन आदेश और फरमान को भी भी ठेंगा दिखाते हुए आज कान्हाचट्टी अंचल के हेसापरम गांव के लगभग 125 एकड़ सरकारी गैरमजरूआ भूमि पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा बरकरार है।जबकि चतरा के तत्कालीन उपायुक्त मनोज कुमार ने वर्ष 2013 में हेसापरम गांव के खाता 20 के प्ल०ट 176,192,410,441 एवं 454 सहित अन्य प्लॉटों के जमीन को गलत तरीके से बासुदेव राय ने फर्जी कागज बनाकर जमीन को हड़प लिया है को फर्जी करार देते हुए बासुदेव राय के पुत्र चतरा सदर के राजस्व कर्मचारी शशि भूषण शर्मा उर्फ धमेश्वर राय पर उक्त गैरमजरूआ जमीन एवं वन भूमि की जमीन की कागजात में छेड़ छाड़ कर अपना नाम दर्ज कराने को लेकर राजस्व कर्मचारी पर प्रपत्र क गठित करते हुए उन्हें निलम्बन करते हुए उक्त खाते प्लॉट के जमीन जिनके नाम से डिमांड खुला हुआ था उसे रदद् करने का आदेश अंचल अधिकारी कान्हाचट्टी एवं अनुमंडल पदाधिकारी चतरा को दिया था।उपायुक्त कार्यालय से जो आदेश निकला था उसका पत्रांक 422 दिनांक03/04/2013 था, के तहत अंचल को डिमांड रदद् करने का निर्देश था। उपायुक्त के उक्त आदेश को आज भी भूमाफियाओ ने ठेंगा बताते हुए जमीन को खरीद फरोख्त बेधडक कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री कार्यालय के आदेश संख्या एम. 03/262796 दिनांक 12/03/2011 के आदेश के बाद हुआ था कार्रवाई** :– बताते चलें कि हेसापरम के खाता नम्बर 20 के चार पांच प्ल०ट में लगभग 250 एकड़ जमीन सरकारी था जिसमे कुछ जंगल की जमीन था और कुछ गैरमजरूआ गोचर भूमि,जिसे हेसापरम के पूर्व कर्मचारी बासुदेव राय एवं पूर्व मुखिया चारो पांडेय ने मिल कर उक्त जमीन को अपना फर्जी कागजात बनाकर जमीन का मालिक बन कर जमीन को बिक्री भी करने लगे।जिसके बाद कुछ ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक मामले को लिख कर दिया और उक्त सरकारी जमीन को भूमाफियाओं से बचाने का गुहार लगाया था जिसके बाद प्रधानमंत्री के कार्यालय से पत्रांक एम 03/262796 दिनांक 12/03/2011 के आदेश से गैरमजरूआ और वन भूमि की जमीन का डिमांड रदद् करने का निर्देश उपायुक्त ने अंचल अधिकारी कान्हाचट्टी एवं अनुमंडल पदाधिकारी चतरा को दिया गया था।लेकिन आज तक डिमांड रदद् भी नहीं हुआ और जमीन की खरीद बिक्री जारी है।

**उपायुक्त के आदेश को भूमाफिया बता रहे हैं ठेंगा**: हेसापरम के खाता 20 के गोचर भूमि को जिले के तत्कालीन उपायुक्त मनोज कुमार रदद् करने का आदेश वर्ष 2013 में ही दिए और जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए आदेश भी दिए परन्तु सात आठ वर्ष आदेश के बित जाने के बावजूद जमीन की खरीद बिक्री कर उपायुक्त के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं।आखिर जिस जमीन को भूमाफ़िया अपना बता रहे है उसमें 96 एकड़ भूमि पर वन विभाग जंगल पेड़ पौधे लगा चुकी है।ग्रामीणों का कहना है की आखिर वन विभाग जंगल के जमीन जिसका खाता नम्बर 20 है पर जंगल लगाई है और वह जमीन जंगल का है तो आखिर उसी खाते की जमीन बासुदेव र०य एवं चारो पांडेय का कैसे हो जाएगा।

**स्वतन्त्रता सेनानी बासुदेव पांडेय के नाम पर जारी जमीन के कागजात को छेड़ छाड़ कर बासुदेव राय बना था जमींदार** :–बताते चलें कि जिस जमीन को बा. सुदेव राय खाता 20 के जमीन को अपना बता रहे है वह असल मे स्वत्रंत्रता सेनानी बासुदेव पांडेय को मिला था ।लेकिन उस जमीन को बासुदेव पांडेय ने सरकार को वापस कर दिया था।उसी के कागजात से छेड़ छाड़ करके बासुदेव राय खाता 20 के जमीन के मालिक बन बैठा है।

**जब सी ओ गैरमजरूआ भूमि पर अवैध रुप से बना रहे मकान को रोकने गए तो सी ओ साहब के खिलाफ ही वरीय अधिक. ारियों को भूमाफियाओं ने दे दिया था आवेदन** : जब भूमाफियाओं के द्वारा जमीन की खरीद बिक्री और फिर मकान निर्माण चल रहा था तो ग्रामीणों के शिकायत पर सी ओ साहब निर्माणाधिन मकान को निर्माण करने से रोके तो भूमाफियाओं ने सी ओ साहब के खिलाफ़ जिले के वरीय अधिकारियो से शिकायत कर डाला कि हमारा घर को सी ओ उजाड़ दिए।यह भूमाफियाओं का दिलेरी ही कहिए।

**बासुदेव राय(पूर्व कर्मचारी)एवं चारो पांडेय (पूर्व मुखिया)के वंसज बेधड़क उक्त जमीन का कर रहे हैं बिक्री और एग्रीमेंट** : हेसापारम के खाता 20 के निम्न लिखित गकीरमजरुआ जमीन को फर्जी तरीके से बासुदेव पांडेय के नाम को बासुदेव राय ने छेड़ छाड़ कर पांडेय के जगह राय बना कर उक्त गैरमजरूआ भूमि को अपना कर लिए इसमे बा. सुदेव राय के भागीदारी पेलतौल के तत्कालीन मुखिया चारो पांडेय को भी बना लिया गया।आज दोनो के वंसज उक्त जमीन को गलत तरीके से बेच रहे हैं।जो जमीन को वर्तमान में कब्जा किए है उनमें दिनेश्वर र०य, रंजीत र०य,शंकर र०य,प्रभु सिंह,सुखदेव सिंह, परमेश्वर सिंह,बासुदेव सिंह,कैलू सिंह,गोविंद सिंह,बालेश्वर सिंह,जगदेव राम,गौरी राम,राजेन्द्र पांडेय,साच्चो पांडेय,उमाकांत पांडेय, श्यामदेव पांडेय,द्वारिका पांडेय,गणेश दाँगी,सहित अन्य का नाम शामिल है।

ग्रामीणों ने पुनः उपायुक्त से उक्त जमीन को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने की मांग किये हैं ।ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को आवेदन दिया है जिसमे प्रतिलिपि राजस्व सचिव झारखण्ड सरकार, आयुक्त हजारीबाग,उपायुक्त चतरा को दिया है।

## फोटोफोरेस्टर सुरेंद्र सिह हुए रिटायर, डीएफओ ने दी विदाई

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा : एक जून 1982 को वन विभाग मे योगदान देने वाले टंडवा फौरेस्टर सुरेंद्र कुमार सिंह गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गये। सेवानिवृत्त होने के सम्मान मे रेज आफिस मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहा डीएफओ एसपी सुमन और रेजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने माला पहनाकर कर भावभीनी विदाई। अपने संबोधन मे डीएफओ ने फौरेस्टर सुरेंद्र की कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि विभाग के हर कर्मी को ईमानदारी पूर्वक काम करने की अपील की। साथ रिटायर सुरेंद्र सिह को जल्द पावना का लाभ दिलाने का भरोसा दिया।वही रेजर ने कहा इनकी विदाई से दुख तो है पर नियम का पालन करना जरूरी है। इस मौके पर राकेश कुमार विकास कुमार ,रौशन कुमार समेत अन्य शामिल थे।

## डीएस की मेहरबानी एंटी स्नेक वेनम् इंजेक्शन के अभाव में तीन की गई जिंदगानी

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**


चतरा : डीएस की हुई मेहरबानी सर्प दंश में तीन की चली गई जिंदगानी। मरने वालों में बुधवार को ही सदर अस्पताल में एक बच्ची ने दम तोड दिया, जबकि एक सप्ताह पूर्व इटखोरी और सिमरिया में एक एक की मौत हो गई है। अगर जल्द नहीं मंगाई गई एंटी स्नेक वेनम् इंजे. क्शन तो और कितने लोगों की जान जायेगी यह आने वाला वक्त ही बताएगा। बताते चलें कि सदर अस्पताल में करीब दो माह से सांप काटने का वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। वहीं बरसात का मौसम आ गया है। आए दिन सर्प दंश की घट्नाएं घट रही है। सदर अस्पताल हो या सभी प्रखंडों का सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सभी जगह सर्प दंश के शिकार लोगों का पहुंचना जारी है। परंतु जब सदर अस्पताल में ही वै. क्सीन उपलब्ध नहीं है तो स्वास्थ केंद्रो को कहां से वैक्सीन मिल पाएगा। इधर डीएस महोदय को किसी के मरने जीने से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। उनको ना तो मरीज देखना आता है और ना अस्पताल चलाना, बस राजनीति करना और हरेक माह बैठे बैठे मुफ्त का वेतन लेना है। अगर ये थोड़ा सा भी अपने काम के प्रति गंभीर होते तो सदर अस्पताल के साथ साथ अन्य प्रखंडों को मिलाकर तीन लोगों की सर्प दंश में जान नहीं जाती। बताते चलें कि राज्य से चतरा को 500 भाइल के जगह पर 1500 भाईल दिया जा चुका है। अब स्टेट से भाईल मिलने की कोई गुंजाइश नहीं है। ऐसे में स्नेक बाइट का वै. क्सीन अस्पताल को प्राइवेट से ही मंगवाना होगा। वहीं अस्पताल में डीएमएफटी मद में बहुत पैसे पड़े हुवे हैं, इन पैसों से एंटी स्नेक वेनम् इंजेक्शन मंगाई जा सकती है। परंतु डीएस और कितनों की जान लेकर वै. क्सीन मंगवाते हैं यह देखना होगा।

## लोजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज 01जुलाई को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज की उपस्थिति में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय चन्द्रवंशी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष नागेन्द्र चन्द्रवंशी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने नागेन्द्र चन्द्रवंशी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने नागेन्द्र चंद्रवंशी को प्रदेश महामंत्री सह गिरिडीह जिला प्रभारी का दायित्व देते हुए कहा कि अखिल भारतीय चन्द्रवंशी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष नागेन्द्र चन्द्रवंशी के राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी में शामिल होने से झारखंड में संगठन को मजबूती मिलेगी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री राज ने लोजपा के निर्वतमान अध्यक्ष विनीत कुमार बरनवाल को एक बार फिर जिलाध्यक्ष और कमलेश शर्मा को जिला प्रधान सचिव का दायित्व देते हुए गिरिडीह में संगठन विस्तार करने का निर्देश दिया। मौके पर महामंत्री नागेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि जिस विश्वास के साथ राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने उन्हें पद का दायित्व दिया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करते हुए पूरे झारखंड में पार्टी का विस्तार करने का काम करेंगे। वहीं जिलाध्यक्ष विनीत कुमार बरनवाल को एक बार फिर जिलाध्यक्ष और जिला प्रधान सचिव कमलेश शर्मा ने भी प्रदेश अध्यक्ष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भी प्रदेश अध्यक्ष के विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष आरती देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुजीत पटेल, रंजीत कुमार सिंह सहित पार्टी के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## गिरफ्तार अरोपी को बिरनी पुलिस ने भेजा जेल

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी थाना क्षेत्र के बेहरवाटांड़ निवासी रामेश्वर मंडल के लिखित आवेदन पर बिरनी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर गिरिडीह मुफस्सिल थाना के उंदरो के आरोपी शंकर प्रसाद वर्मा एवं इसी थाना क्षेत्र के कोरवाडीह के मोहम्मद मुस्तकीम के विरुद्ध अ०टो चोरी करने के प्रयास में प्राथमिकी दर्ज की है। प्रखंड के पडरमनियां पंचायत अंतर्गत करमाटांड़ में दोनों अ०टो की चोरी कर भाग रहे थे और भागने के दौरान में दोनों कुआं में गिर गए, जिसमें मुस्तकीम की मृत्यु कुआं में डूबने से हो गई थी। दूसरा शंकर प्रसाद कुआं की दीवार पकड़कर खड़ा था जिससे वह बच गया।जिसमें उनका एक साथी कुवा में डूबकर मौत हो गया था। जिसके बाद बिरनी पुलिस पहुचकर शव को कुवा से बाहर निकलकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया था। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से उसे कुआं से निकाला गया। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपी शंकर प्रसाद वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## इनर व्हील क्लब गिरीडीह ने किया यात्री शेड का उद्घाटन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला में निरंतर जनहितकारी और जनकल्याणकारी कार्य कर सुर्खियों में रहने वाली इनर व्हील क्लब गिरिडीह की समाजसेवी पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा आज बस स्टैंड रोड हुट्टी बाजार टाउन ह०ल के पास में स्थित शहीद सीताराम पार्क के सामने इनर व्हील क्लब गिरिडीह द्वारा निर्मित यात्री शेड का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील एडिटर प्रभा रघुनन्दन और नगर निगम महापौर श्री प्रकाश सेठ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । यात्री शेड के बगल में स्थाई रूप से गन्ने रस का एक ठेला लगाने वाले को इनर व्हील क्लब गिरिडीह लिखा हुआ एक बड़ा छाता दिया गया । साथ ही बरमसिया स्थित पार्क में भी लोगों की सु. विधा हेतु दो बड़ा छाता दिया गया । आज के इस कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब गिरिडीह इकाई की अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील एडिटर प्रभा रघुनन्दन ,अध्यक्षा रेखा तर्वे ,डिस्ट्रिक्ट आई एस ओ रश्मि गुप्ता ,पास्ट प्रेसिडेंट मौसूमी सरकार ,पास्ट प्रेसिडेंट चंचल भदानी ,ममता कुमारी ,निवेदिता पोद्दार ,डॉक्टर पायल वर्मा , राखी टारको उपस्थित थी ।

## बिरनी : रंजीत स्टूडियो वीडियो मिक्सिंग लैब का किया उद्धघाटन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी थाना परिसर के बगल में शुक्रवार को रंजीत स्टूडियो वीडियो मिक्सिंग लैब का उदघाटन पश्चिमी ज०न के जिला परिषद भाग 20 के जिला सदस्य सरिता देवी ने फीता काटकर उद्धघाटन किया गया। जिसमें संचालक रंजीत कुमार ने कहा कि मिक्सिंग लैब बहुत ही कम बजट में अच्छी विडियो मिक्सिंग किया जाता है। साथ मे उन्होंने ने बातया की वीडियोग्राफी लोगो ने एक बार सेवा करने का मौका अवश्य दे। जिसमें उपस्थित रहे जिला परिषद सदस्य सरिता देवी,जिला परिषद प्रितिनिधि सीताराम पासवान,बिरनी पंचायत के मुखिया किशुन राम,बिरनी पंचायत समिति सदस्य गुड़िया देवी,सुरेंद्र पंडित,मुंशी विश्कर्मा, राजकिशोर बैठा,पंकज गुप्ता,बिरजू बैठा और दर्जनों वीडियोग्राफी लोग उपस्थित रहे।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने मनाई हुल दिवस

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनवर अंसारी ने खावा पंचायत और पहाड़पुर पंचायत में हुल दिवस मनाया। कार्यक्रम में उप. स्थित सभी ने सिद्धो कान्हो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया साथ ही झारखंड के सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और नमन किया। कार्यकृम को संबोधित करते हुए गिरिडीह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनवर अंसारी ने कहा कि झारखंड के शहीदों और दिशोम गुरु शिबू सोरेन का देन है झारखंड राज्य। आज उन्ही वीर शहीदों के बदौलत और डिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्षो के कारण झारखंडी खुशहाल जीवन जी रहे हैं। हमारी पार्टी झामुमो प्रारंभ से ही शहीदों को सम्मान करते आई है और आगे भी जारी रहेगी। हमारी पार्टी शहीदों का मान सम्मान करती है जिसको लेकर आज हुल दिवस मनाया जा रहा है। आज के इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष अनवर अंसारी, बिनोद चौड़े, शिवलाल हेंब्रम वार्ड सदस्य मुबारक, मुस. तकिम, नागेश्वर मंडल, सोना कोल्ह, अब्दुल सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ का 72 वां स्थापना दिवस मनाया गया





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ गिरिडीह शाखा इकाई के द्वारा अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ का 72 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एलआईसी शाखा कार्यालय में शाखा अध्यक्ष संजय शर्मा के द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर संघ के द्वारा प्यार बांटते चलो संस्था के माध्यम से 150 जरूरतमंद लोगों के बीच फूड पैकेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ की स्थापना 1 जुलाई 1951 को हुई थी ।संघ अपने स्थापना काल से ही बीमा क्षेत्र के राष्ट्रीयकरण हेतु संघर्ष किया ।5 वर्षों के संघर्ष के पश्चात 245 निजी बीमा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण कर 1 सितंबर 1956 को भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना की गई। एलआईसी का गठन इस उद्देश्य के साथ किया गया, कि छोटे-छोटे बचतों को संग्रह कर देश के आधारभूत संरचना के विकास हेतु निवेश किया जाएगा। 5 करोड़ की पूंजी से प्रारंभ होकर 66 वर्षों वर्षों के पश्चात एलआईसी ने 38 लाख करोड़ से अधिक की परिसंपत्ति अर्जित कर लिया। देश के आधारभूत संरचना के विकास के लिए एलआईसी ने पंचवर्षीय योजनाओं में 34 लाख करोड़ से अधिक का निवेश किया है । इतना ही नहीं एलआईसी ने देश के कई सार्वजनिक एवं निजी कंपनियों में निवेश किए हुए हैं। केंद्र सरकार निजीकरण एवं विनिवेशीकरण नीति के तहत तमाम सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को बेच रही है ।अभी हाल में केंद्र सरकार ने एलआईसी का भी विनिवेशीकरण कर दिया तथा आईपीओ के माध्यम से 3.50 प्रतिशत का शेयर बेचा गया तथा 22हजार करोड़ रुपया की उगाही की गई। एलआईसी जैसे उत्कृष्ट एवं मजबूत वित्तीय संस्था का विनिवेशीकरण करना कतई देश हित में नहीं है। संघ का आईपीओ के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण गुप्ता, अनुराग मुर्मू, विजय कुमार, कुमकुम बाला वर्मा, रोशन कुमार, सुनील कुमार वर्मा ,विजय कुमार, राजेश कुमार ,श्वेता कुमारी ,सबा प्रवीण, श्वेता, अंजलि श्वेता ,प्रवीण कुमार हन्सदा, कुलजीत कुमार रवि, प्रीतम कुमार मेहता, अंशु कुमारी सिंघानिया ,नीतीश कुमार गुप्ता, गौरव कुमार सिंह ,नीरज कुमार सिंह ,अनिल कुमार वर्मा, दीपक पासवान ,संजय कुमार शर्मा, महेश्वरी वर्मा ,अरविंद मुर्मू ,प्रदीप कुमार सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

## साइकिल यात्रा पर निकले डीवीसी के सेवानिवृत्त अधिकारी का अभिनंदन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



साइकिल यात्रा पर निकले सेवानिवृत्त अधिकारी का स्वागत करते लोग

डीवीसी के 75वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने को लेकर डीवीसी के एक वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी विश्वजीत सेन साइकिल यात्रा पर निकल पड़े हैं। विश्वजीत सेन कोलकाता स्थित डीवीसी के केंद्रीय कार्यालय में सीनियर ज०इन्ट सेक्रेटरी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने अपनी साइकिल यात्रा तिलैया डैम से शुरू की है। तिलैया से वे कोलकाता तक साइकिल चलाकर जाएंगे। शुक्रवार की सुबह वे प्रखंड के कोनार डैम पहुंचे। जहां बनासो पंचायत के नावाटांड़ निवासी सुरेश राम के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों ने उन्हें फूल माला पहनाकर तथा तिरंगा देकर अभिनदंन किया। इसके पूर्व जमनीजारा मोड़ में भी उनका स्वागत किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारी ने कहा कि डीवीसी देश के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। कोनार डैम डीवीसी से मेरा गहरा लगाव रहा है। डीवीसी ने जो मुझे मान सम्मान दिया है, मैं उसका आभारी हूँ। कहा कि डीवीसी का 75वीं वर्षगांठ 7 जुलाई को कोल. काता केंद्रीय कार्यालय में मनाया जाएगा। जिसमें शामिल होने के लिए साइकिल यात्रा पर निकला हूं। स्वागत करने वालों में समाजसेवी सुरेश राम के अलावा पिंकी देवी, मंजू देवी, खुलेश्वर प्रसाद महतो, भुनेश्वर राम, रवि कुमार रविदास, सोमर महतो, इंजीनियर आशुतोष साहा, गोपाल प्रसाद, अशोक कुमार कपूर, दिनेश किस्कू, संजय दास, लखन पटेल समेत अन्य डीवीसीकर्मी मौजूद थे।

APEM
LIVE

मो0 समसुल
वायरिंग, पलम्बर, मोटर फीटिंग एवं रिपेयरिंग के लिए संपर्क करे।

संपर्क सं0–8825280049

सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## राजू सोनी की पुत्री प्रेरणा आईएससी में 83% अंक लाकर नाम रोशन किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव डेली मार्केट स्थित नटराज नगर निवासी राजू सोनी की पुत्री प्रेरणा कुमारी ने आई एस सी की परीक्षा में 83% अंक लाकर बड़का गांव का नाम रोशन की है। बेहतर परिणाम प्राप्त होने पर शिक्षाविदों ने बधाई दी है एवं प्रेरणा की उज्जवल भविष्य की कामना की है। पिता राजू सोनी ने कहा कि बेटी को पढ़ा लिखा कर एक बड़ा अफसर बनाने की सपना है।

## विधायक ने चंदौल पंचायत का किया दौरा, लोगों की समस्याओं से हुई अवगत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



संबोधित करते विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव : विधायक अंबा प्रसाद ने चंदौल पंचायत का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र के समस्याओं का जानाद्य इस क्रम में विधायक ने पंचायत भवन में बारी बारी से लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने बैठक में मौजूद महिला-पुरुष को समस्याओं पर तत्काल संबंधित विभाग में उक्त समस्याओं के निदान के लिए पहल की और क्षेत्र में जर्जर पड़े सड़क,नाली, पीसीसी, पेयजल,पुल पुलिया निर्माण के लिए सं. बंधित विभाग में वार्ता कर काम को धरातल पर उतारने के लिए आश्वस्त दिया द्यमौके पर मौजूद ग्रामीणों ने विधायक को अधिक से अधिक चापाकल लगवाने ,खराब चापाकल को बनवाने,कुआं मरम्मती, पीसीसी निर्माण, विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन से जुड़ी समस्याओं को रखा इस दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी, आचार संहिता समाप्त होने के बाद सभी पंचायत का दौरा किया जा रहा है, इस दौरान मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा समौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, फागू राम, सुरेश चौधरी, रघुवीर राम, संतोष लाल, सनीत महतो, ललित महतो, रामेश्वर महतो समय भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थेद्य

## वज्रपात से बादम निवासी रामचंद्र साव की मौत व दो महिला घायल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बादम पंचायत के तेली मोहल्ला निवासी 38 वर्षीय रामचंद्र साहू का वज्रपात से मौत हो गई। मृतक के भाई वीरेंद्र साव ने बताया के घर के छत में गेहूं सुखाने के लिए डाला था बारिश के मौसम को देखते हुए गेहूं उठाने छत में गया तभी वज्रपात होने के कारण उसका पूरा शरीर झुलस गया। गंभीर रूप से घायल रामचंद्र की बड़कागांव हॉ. स्पिटल में प्राथमिक उपचार के पश्चात आर्यकर्ण फाउंडेशन के एंबुलेंस से आर्यकर्ण निधि के सीएमडी रंजीत कुमार ने खुद ड्राइ. विंग कर घायल को हजारीबाग सदर अस्पताल ले गए परंतु रास्ते में ही रामचंद्र की मौत हो गई । वज्रपात से मृतक के भाई महेंद्र साव की पत्नी प्रभा देवी भी घायल हो गई। घायल प्रभा देवी का इलाज बड़कागांव स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। वही मृतक के घर के बगल के सनोज गोप की 30 वर्षीय पत्नी मीना देवी भी घायल हो गई है। जिसका इलाज हजारीबाग सदर अस्पताल में किया जा रहा है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजा खान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। मृतक की एक बेटी और दो बेटा है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृत्यु की खबर सुनते ही पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करने वालों में से मुख्य रूप से बादम पंचायत मुखिया सुनीता देवी, पूर्व मुखिया दीपक दास, पसंस राजा खान, समाजसेवी महेंद्र नाथ पांडे, आजसू नेता गौतम वर्मा, विक्रम गुप्ता, सुनील कुमार, अर्जुन साव, त्रिलोकी साव, इंद्रदेव राम इत्यादि शामिल हैं।

## कांटी सचिवालय में आधार केंद्र का हुआ शुभारंभ

### पंचायतवासियों को मिलेगी सुविधा – सरस्वती देवी

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा प्रखंड में पहला पंचायत कांटी सचिवालय में आधार केंद्र का शुभ आरंभ किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया श्रीमती सरस्वती देवी, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। साथ में विशिष्ट अतिथि राम लखन यादव सांसद प्रतिनिधि एवम राज कुमार पांडेय पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। मैके पर मुखिया सरस्वती देवी ने कहा की पंचायत के जनता को मूभूत सुविधा उपलब्ध करना मेरा परम कर्तव्य है। हमारे पंचायत के लोग आधार कार्ड से संबंधित समस्या को लेकर के चंदवारा और तिलैया जाना पड़ता था। लेकिन मेरे अथक प्रयास से हमारे पंचायत में ही आधार केंद्र का शुभ आरंभ हुआ साथ ही केंद्र के संचालक रंजीत कुमार साव उप मुखिया ने बोला कि आधार कार्ड सं. बंधित सभी समस्या का समधान करूंगा आए हुवे सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त जताया। मौके पर मुख्य रूप से सेवानिवृत शिक्षक जागेश्वर गोप, वार्ड सदस्य मनोज कुमार यादव मुन्ना, वार्ड सदस्य अजय कुमार यादव वार्ड सदस्य नरेश पंडित वार्ड सदस्य प्रतिनिधि रामदेव पासवान वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संदीप कुमार यादव वार्ड सदस्य प्रतिनिधि लखन प्रसाद वार्ड सदस्य प्रतिनिधि राजू राम समाजसेवी श्री राम पांडेय बोधी पंडित बुधन यादव विजय कुमार यादव अवध किशोर यादव और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


## सड़क पर गंदगी फैलाने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



सड़क पर पसरी गंदगी की सफाई करवाते मुखिया समेत ग्रामीण

विष्णुगढ़ के पॉश इलाके की सड़कों पर पसरे कूड़े कचरे के ढ़ेर तथा वर्षो से जमे मिट्टी की सफाई जेसीबी की मदद से की गई। विष्णुगढ़ मुखिया पूनम कुमारी तथा चेड़रा मुखिया निर्मल कुमार के सहयोग से साफ-सफाई की गई। दोनों पंचायतों के मुखिया एवं अन्य जनप्रति. निधियों ने लोगों से सड़क पर नाली का गंदा पानी नहीं बहाने की अपील की। कहा कि सड़क की साफ-सफाई की जा रही है। इसके बाद यदि सड़क पर गंदा पानी या कचरा फेंकने की शिकायत मिलती है तो कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अलावे अन्य सरकारी सुविधाओं से भी महरूम किया जाएगा। मुखिया ने कहा कि सड़क पर बहते गंदे पानी की वजह से लोगों का पैदल चलना दूभर हो रहा था। इसके अलावे जगह-जगह पसरे कूड़े कचरे के ढ़ेर की वजह से बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ रहा था। इसकी शिकायत पर विष्णुगढ़ तथा चेड़रा पंचायत के पंचायत प्रति. निधियों के संयुक्त प्रयास से साफ-सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपने आसपास स्वच्छ रखने की अपील की। मौके पर पंसस प्रति. निधि विकास कुमार दास, मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास, दीपक कुमार रजक, सुधीर राम, जीवन सोनी, संदीप कुमार कसेरा, नीतीश कुमार बर्णवाल, वरुण ठाकुर, अनूप कुमार कसेरा, दिनेश ठाकुर, अजय शर्मा, ओमकारनाथ शर्मा, सीकू मिश्रा, कुन्दन शर्मा, अनुज मिश्रा, नरेश रवानी, अनिल राम, जितेन्द्र साहू, सुरेश राम टेकलाल राम समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार